Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629

हरियाणा दिवस पर लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर हुआ महाविद्यालय परिसर

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में 31 अक्टूबर 2026 को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS Cell) के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं, रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा अपनी मातृभूमि की पहचान पर गर्व करने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह जी ने अपने संदेश में कहा कि हरियाणा केवल वीरों और किसानों की धरती ही नहीं, बल्कि समृद्ध लोक परंपराओं, लोकगीतों, लोकनृत्यों, पारंपरिक वेशभूषा, खान-पान और आपसी भाईचारे की अनूठी पहचान रखने वाला प्रदेश है। यहां की रागनी, सांग, फाग, धमाल और पारंपरिक लोकगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी का दायित्व है कि वह अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे तथा हरियाणा की गौरवशाली परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाए।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने अपने संदेश में कहा कि हरियाणा की संस्कृति सादगी, साहस, परिश्रम, अतिथि सत्कार और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यहां की लोकभाषा, पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य, वेशभूषा एवं त्योहार हमारी सांस्कृतिक पहचान को विशिष्ट बनाते हैं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने एवं उसके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने जोनल यूथ फेस्टिवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता रही छात्राओं को सम्मानित किया ।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने हरियाणवी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर प्रदेश की समृद्ध लोकसंगीत परंपरा को जीवंत किया। इन प्रस्तुतियों ने हरियाणवी संस्कृति की मिठास और अपनी मिट्टी से जुड़ाव का सुंदर संदेश दिया। इसके अतिरिक्त वंदना, मुस्कान, याचना एवं जैस्मीन ने शानदार हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने हरियाणा की पारंपरिक लोककला, उत्साह और सांस्कृतिक गौरव की मनोहारी झलक प्रस्तुत की।डॉ. पुष्पा रानी संयोजिका (सांस्कृतिक प्रकोष्ठ)ने हरियाणवी लोकगीतों एवं लोकनृत्यों के संरक्षण और संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से छात्रों का आत्मविश्वास और भी बढ़ जाता है।डॉ. अनु, संयोजिका (NSS प्रकोष्ठ)ने छात्राओं को हरियाणवी संस्कृति, परंपराओं एवं विरासत पर गर्व करने तथा इनके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया।

Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629



हरियाणा दिवस पर लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर हुआ महाविद्यालय परिसर

छात्राओं ने हरियाणवी लोकगीतों और नृत्यों से बांधा समां, जोनल युवा महोत्सव की विजेता छात्राएं सम्मानित



पुंडरी (अश्वनी खुराना) : चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पुंडरी में शनिवार को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने हरियाणवी लोकगीतों और लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुतियों से प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। पूरा महाविद्यालय परिसर हरियाणवी संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि हरियाणा वीरों और किसानों की धरती होने के साथ-साथ समृद्ध लोक परंपराओं के लिए भी अपनी अलग पहचान रखता है। यहां की रागनी, सांग, फाग, धमाल, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा और खान-पान हमारी सांस्कृतिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। युवा पीढ़ी का दायित्व है कि वह अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे और गौरवशाली परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति साहसी, परिश्रम, अतिथि सत्कार और सामाजिक एकता का प्रतीक है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने छात्राओं को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राचार्या ने जोनल युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता रही छात्राओं को सम्मानित भी किया। छात्राओं ने हरियाणवी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं वंदना, मुस्कान, खुशबू और जैस्मीन ने शानदार हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रदेश की पारंपरिक लोककला और सांस्कृतिक गौरव की झलक देखने को मिली। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. पुष्पा रानी ने हरियाणवी लोकगीतों एवं लोकनृत्यों के संरक्षण और संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों और प्रतियोगिताओं से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अनु ने छात्राओं को हरियाणवी संस्कृति, परंपराओं और विरासत पर गर्व करने तथा इनके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

01112026 Rohtak Kaithal - 01 Nov 2026 - Page 3

विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के कहा कि जब नई पीढ़ी अपनी और सांस्कृतिक विरासत है।

हरियाणा दिवस पर लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर हुआ महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में शनिवार को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने हरियाणवी लोकगीतों और लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुतियों से प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। पूरा महाविद्यालय परिसर हरियाणवी संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि हरियाणा वीरों और किसानों की धरती होने के साथ-साथ समृद्ध लोक परंपराओं के लिए भी अपनी अलग पहचान रखता है। यहां की रागनी, सांग, फाग, धमाल, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा और खान-पान हमारी सांस्कृतिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति सादगी, साहस, परिश्रम, अतिथि सत्कार और सामाजिक एकता का प्रतीक है।



पूंडरी। कार्यक्रम में भाग लेते हुए लेने वाली छात्राओं के साथ प्रिंसिपल डॉ. शकुंतला।

पंजाब केसरी

SUN,01 NOVEMBER 2026

EDITION: KAITHAL KESARI, PAGE NO. 4

हरियाणा दिवस पर कन्या महाविद्यालय लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर



हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। (अतुल)

पूंडरी, 31 अक्तूबर (अतुल): चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की मनमोहक झलक प्रस्तुत कर पूरे महाविद्यालय परिसर को हरियाणवी रंगों से सराबोर कर दिया।

महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने कहा कि हरियाणा केवल वीरों और किसानों की धरती ही नहीं, बल्कि समृद्ध लोक परंपराओं, लोकगीतों, लोकनृत्यों, पारंपरिक वेशभूषा और आपसी भाईचारे के लिए भी विशेष पहचान रखता है। यहां की रागनी, सांग, फाग, धमाल और पारंपरिक लोकगीत हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं।

युवा पीढ़ी का दायित्व है कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहें और हरियाणा की गौरवशाली परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने और उसके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उन्होंने जोनल यूथ फैस्टिवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाली विजेता छात्राओं को सम्मानित भी किया।

Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629





Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629



